

भौतिक विज्ञान

नीरज कुमार





1. भौतिक शब्द किस भाषा से लिया गया है?
2. किसी धात्विक प्लेट को गर्म करने पर उसमें बने छिद्र पर क्या प्रभाव होगा?
3. इलेक्ट्रॉन, प्रोट्रॉन, एवं न्यूट्रॉन में सबसे भारी कण कौनसा है?
4. प्रकाशवर्ष मात्रक है?
5. किसके प्रयोग से यह उद्‌घटित हुआ कि परमाणु में नाभिक होता है?
6. कौनसा बम केवल जीवधारियों को प्रभावित करता है, निर्जीवों को नहीं?
7. फोटॉन क्या है?
8. बोलोमीटर किसका मापन करता है?
9. आइंस्टाइन को पीएच.डी. डिग्री उनके किस कार्य के लिए दी गई थी?
10. स्ट्रोक्स का नियम किससे संबंधित है?
11. आकाश का रंग नीला क्यों दिखाई देता है?
12. पानी में प्रकाश का वेग ज्ञात करने की कौनसी विधि है?
13. मोटर चालक पीछे का दृश्य देखने के लिए किस दर्पण का उपयोग करता है?
14. रंगीन टेलीविजन में प्रयुक्त होने वाले रंग कौन-कौन से हैं?
15. प्रकाश की चाल सबसे पहले किसने ज्ञात की थी?
16. तारे किस कारण टिमटिमाते हैं?
17. वायु का बुलबुला जल में किस लैंस की भाँति व्यवहार करता है?
18. ‘‘मैक नम्बर’’ का प्रयोग किसमें करते हैं?
19. जलते हुए बल्ब के फिलामेंट का ताप कितना होता है?
20. ‘‘सोनार’’ यंत्र किन तरंगों को प्रयोग करता है?
21. हीरे का चमकना किसके कारण सम्भव है?
22. न्यूट्रॉन तारे का घनत्व कितना होता है?
23. टेलीविजन का आविष्कार सन् 1923 में किस वैज्ञानिक द्वारा किया गया?
24. वोल्ट सेकंड किस भौतिक राशि का मात्रक है?
25. पृथ्वी के केन्द्र पर किसी पिण्ड का भार कितना होगा?
26. किस भौतिक राशि की इकाई ‘‘बार’’ है?
27. एक मनुष्य कैसे खड़ा हो कि पृथ्वी पर सर्वाधिक दाब लगे?
28. सर सी.वी. रमन को नोबल पुरस्कार किस खोज के लिए मिला था?
29. हाइड्रोजन बम किसने विकसित किया था?
30. जर्मन सिल्वर में सिल्वर की मात्रा कितनी होती है?
31. पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त ऊर्जा का मूल स्रोत क्या है?
32. परम शून्य ताप कितना है?
33. डायोड बल्ब का आविष्कार किसने किया?
34. कुल मूल मात्रक है?
35. दो समतल दर्पण समानान्तर रखे हैं, उनके बीच रखी वस्तु के कुल कितने प्रतिबिम्ब बनेंगे?
36. क्लोरोफिल में कौनसी धातु पायी जाती है?
37. कौनसा पदार्थ लौह पर जंग लगाने को उत्प्रेरित करता है?
38. ग्रेफाइट की तरह कार्बन का दूसरा अपरूप क्या है?

39. किसी स्थान पर वृत्ताकार मोड़ वाले मार्ग पर जब कार तेज गति से आती है तब उसके कौनसे पहिए ऊपर उठ जाते हैं?
40. जब दूध को मथा जाता है तो इससे मक्खन किस बल के कारण अलग हो जाता है?
41. यदि पृथ्वी की घूर्णन गति बढ़ जाये तो किसी पिण्ड का भार बढ़ेगा या घटेगा?
42. किस वैज्ञानिक के जन्म दिवस (15 सितम्बर) को आभियांत्रिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है?
43. सोनार अधिकांशतः किनके द्वारा प्रयोग में लायी जाती है?
44. जल का तापमान कितने डिग्री सेल्सियस पर अधिकतम होता है?
45. सर्वाधिक भेदन क्षमता किस किरण की होती है?
46. एक अश्वशक्ति कितने वाट के बराबर होती है?
47. सूर्य की ऊर्जा का स्रोत क्या है?
48. श्वेत प्रकाश कितने रंग के मिलने से बनता है?
49. पानी को जब 0°C से 10°C तक गरम किया जाता है तो उसके आयतन पर क्या प्रभाव पड़ता है?
50. 20 सेमी. मोटाई वाले इस्पात में से कौनसी किरण पार हो सकती है?
51. न्यूटन का दूसरा नियम किसका निर्धारण करता है?
52. बर्फ में नमक मिलाने पर उसके हिमांक पर क्या प्रभाव पड़ता है?
53. यदि पृथ्वी पर वायुमंडल नहीं होता तो आकाश का रंग कैसा होता?
54. एक भू-स्थिर उपग्रह का आवर्तकाल कितना होता है?
55. पानी के गिलास में बर्फ का टुकड़ा तैर रहा है, बर्फ के पूर्ण पिघलने पर जल के स्तर पर क्या प्रभाव होगा?
56. विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में किस यन्त्र द्वारा परिवर्तित करते हैं?
57. ऊष्मा संचरण की वह कौनसी विधि है जिसमें ऊष्मा को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए माध्यम की आवश्यकता नहीं होती?
58. आइंस्टाइन का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
59. ''थर्मोस्टेट'' उपकरण का उपयोग किस लिए होता है?
60. कैमरे का कौनसा अवयव आँख के रेटिना जैसा काम करता है?
61. विश्व में सर्वप्रथम किस खगोलविद् ने दावा किया था कि पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमती है?
62. क्रायोजेनिक इंजन किसमें प्रयुक्त होता है?
63. नोबल पुरस्कार देने की परंपरा कब शुरू हुई?
64. अंतरिक्ष राकेटों को किस दिशा में छोड़ा जाता है?
65. फर्मी किसका मात्रक है?
66. लोहे की सुई पानी की सतह पर किसके कारण तैरती है?
67. किस ताप पर गैस का आयतन शून्य हो जाता है?
68. जब प्रकाश वायु से काँच में जाता है, तब क्या घटता है?
69. भारत में समुद्री लहर ऊर्जा उत्पादन हेतु संयंत्र कहाँ लगाया गया है?
70. स्थाई चुम्बक किससे बनाए जाते हैं?
71. चन्द्रमा का पलायन वेग कितना है?
72. बॉलपेन किस सिद्धान्त पर कार्य करता है?
73. फ्लेमिंग के बांए हस्त नियम में अंगूठा क्या संकेत करता है?
74. इलेक्ट्रॉन वोल्ट किसकी इकाई होती है?
75. गोताखोर पानी के अन्दर सांस लेने में किन गैसों के मिश्रण का उपयोग करते हैं?
76. यदि पृथ्वी की त्रिज्या सिकुड़कर आधी रह जाये तो दिन कितने घंटे का होगा?
77. पदार्थ की चौथी अवस्था क्या कहलाती है?
78. सेंटीग्रेड तथा फारेनहाइट तापक्रम किस बिन्दु पर समान होते हैं?
79. प्रकाश का प्रति सेकंड वेग लगभग कितना होता है?
80. जिफी किसकी इकाई है?

(उत्तर इसी अंक में कहीं)

संपर्क सूत्र :
डॉ. नीरज कुमार, सहायक प्रोफेसर तथा नोडल ऑफिसर, कृषि मौसम विज्ञान तथा रिमोट सेन्सिंग सेल, कृषि अभियांत्रिकी विभाग, नवसारी कृषि विश्वविद्यालय, नवसारी 396 450, गुजरात [ई-मेल : neeraj34012@gmail.com]